


# बूथों पर बीएलए की तलाश में कांग्रेस पार्टी

## पिछले सप्ताह 5 नवम्बर से आरंभ है एसआईआर, बूथों पर भाजपा के अलावा अन्य दलों के नहीं दिख रहे कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर शुरू करा दिया है। जहां कांग्रेस पार्टी अभी तक बूथों पर बीएलए को तलाश नही कर पाई है। जबकि अन्य दल बीजेपी के कार्यकर्ता बूथों पर तैनात कर दिये गये हैं।**

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर की प्रक्रिया धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी है। गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा दिया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि मतदान केन्द्रों में पंचायत सचिवों के सहयोग से गणना प्रपत्रों का बीएलओ के माध्यम से वितरण करें। प्रदेश के साथ-साथ जिले में एसआईआर की प्रक्रिया पिछले सप्ताह 5 नवम्बर से आरंभ है और प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 नवम्बर मुकर्रर है। मतदाता सूची से किसी भी सही व्यक्ति का नाम न कटे और बोगस मतदाताओं का नाम काटे जाये। इसके लिए राजनैतिक दल भी जवाबदेही है। ताकि बाद में यह आरोप न लगे कि वोट चोरी की जा रही है। भाजपा एसआईआर में मतदाताओं के सत्यापन के लिए प्रत्येक बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर दिया और कांग्रेस पार्टी काफी पीछे है। सूत्र बताते हैं कि अभी तक जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष के द्वारा बूथों पर बीएलए नियुक्त नही कर पाये और दोनों जिलाध्यक्ष बीएलए के तलाश में लगे हुये हैं। बताया जा रहा है कि बीएलए का चयन कर सूची जारी करने में ही कम से कम एक पखवाड़े का वक्त लग सकता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के पास एसआईआर के लिए बहुत कम वक्त बचेगा। कांग्रेस पार्टी में इस बात की चर्चा होने लगी है कि बीएलए पहले से क्यों तय नही किये गये थे। यह लापरवाही किसकी है और जब एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी फिर पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने पर नही, निर्वाचन आयोग को कोसने लगेंगे। एक कांग्रेसी नेता ने नाम उजागर न करने के शर्त पर बताया कि पार्टी के नेता गंभीर नही है। इसीलिए इतनी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। बीएलए नियुक्त करने में कोई खास दिलचस्पी नही दिख रही है। फिलहाल एसआईआर की प्रक्रिया आरंभ है और कांग्रेस पार्टी के द्वारा बीएलए का चयन न करान कहीं न कहीं पार्टी के नेताओं उदासीनता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।




### बीएलए के तलाश में लेटलतीफी

गौरतलब है कि देवसर, सिंगरौली व चितरंगी विधानसभा के अलावा सिहावल एवं धौहनी विधानसभा का अंशभाग मिलाकर करीब एक हजार से अधिक मतदान केन्द्र हैं। सबसे ज्यादा मतदान केन्द्रों की संख्या चितरंगी विधानसभा क्षेत्र में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी तक अधिकांश मतदान केन्द्रों पर बीएलए तय नही कर पाई है। कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी के शहर एवं ग्रामीण के जिलाध्यक्षों की लापरवाही मानी जा रही है और दोनों जिलाध्यक्षों की लापरवाही से बीएलओ की तलाश करने में पसीने छूट रहे हैं। जिले में कांग्रेस पार्टी कब तक में बीएलए नियुक्त कर पाती है, इस पर कुछ कहा नही जा सकता है। लेकिन कहीं न कहीं बीएलए नियुक्त करने में पार्टी के लेट लतीफी की गई है। जिसका खामियाजा आगे आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी को ही भुगतना पड़ सकता है।

### कांग्रेस पार्टी से आगे निकली है भाजपा

कई पोलिंग बूथों पर बीएलए की तलाश में जहां कांग्रेस पार्टी के नेता लगे हुये हैं। जबकि भारतीय जनता पार्टी यह कार्य पहले ही पूर्ण कर ली है। प्रत्येक मतदान बूथों के लिए भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर एसआईआर सर्वे के लिए मतदान केन्द्र में जा रहे बीएलओ से संपर्क कर मतदाताओं के नाम का सत्यापन भी कराने में लग गये हैं। हालांकि भाजपा के अलावा अन्य दलों के कार्यकर्ता मतदान बूथों में जाने वाले बीएलओ के यहां दूर-दूर तक नजर नही आ रहे हैं। जबकि यहां बताते चले कि निर्वाचन आयोग के द्वारा पिछले एक महीने से कहा जा रहा है कि एमपी में भी एसआईआर कराया जाएगा। इसके बावजूद कई राजनैतिक दल इस मामले में सक्रिय नही दिखे और चर्चा है कि जब एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, फिर इसके बाद अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए निर्वाचन आयोग पर अनाप सनाप अनर्गल आरोप लगाने का कार्य तेज कर देंगे।



# जिले में कड़ाके की ठण्ड ने पकड़ा जोर, कोहरे का भी असर

## नगरीय क्षेत्र में अलाव जलाने की उठने लगी मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। जिले में बारिश थमने के बाद धीरे-धीरे ठण्ड जोर पकड़ने लगी है। आलम यह है कि पिछले तीन दिनों से ऊर्जाधानी में कड़ाके की ठण्ड पड़ने लगी है। रात के समय बैढ़न अंचल में न्यूनतम 12 एवं ग्रामीण अंचलों में 10 डिग्री तक पहुंच जा रहा है।**

जिले में पिछले तीन दिनों से तापमान धीरे-धीरे लुढ़कने लगा है और रात के समय कड़ाके की ठण्ड पड़ने लगी है। आलम यह है कि पिछले एक सप्ताह से ग्रामीण अंचलों में कोहरे का धूंध का व्यापक असर दिख रहा है। करीब-करीब सुबह 9 बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन हो रहे हैं। वहीं कोहरे के चलते वाहनों के रफ्तार धीमी पड़ जा रही है। वहीं पिछले तीन दिनों से जिले का रात के समय तापमान लुढ़क कर करीब 10 डिग्री तक पहुंच जा रहा है और अनुमान लगाया जा रहा है कि आगे आने वाले दिनो में कड़ाके की ठण्ड और पड़ेगी और तापमान लुढ़केगा। वहीं शहर एवं नगरों में अलाव जलाने की मांग शुरू हो गई है।

### एक नजर में

#### महाविद्यालय में हुआ वंदे मातरम का गायन



**देवसर।** सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय देवसर, बैढ़न और चितरंगी में बीते दिन रविवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृव क्षमता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के बीच कराया गया। साथ ही तीनों विकासखंडो पर सामुहिक रूप में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन एवं भारत माता की जय के जयघोष भी लगाए गए। इस दौरान विकासखंड देवसर समन्वयक प्रभु दयाल दहिया, चितरंगी विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ रैदास, महाविद्यालय देवसर प्राचार्य जमुना प्रसाद नामदेव, देवसर परामर्शदाता अम्बरीश कुमार पाठक, राधेश्याम कुशवाहा, सियाराम जायसवाल, कल्पना गुप्ता, संगम शुक्ला सहित सभी छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

#### तीन वाहनों पर 70 हजार रुपए का अर्थदण्ड



**सिंगरौली।** जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने पिछले दिनों जप्त एक बस समेत तीन वाहनों पर 70 हजार रूपये अर्थदण्ड लगाते हुये जुर्माना वसूल कर कार्रवाई की है। आरटीओ ने यह कार्रवाई कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर किया है। जुर्माना वसूल कार्रवाई में बस के अलावा मैजिक एवं ऑटो वाहन शामिल हैं।



# गर्भावस्था में बच्चों के डाउन सिंड्रोम सॉफ्ट मार्कर पर हुई कार्यशाला

## अनुभवी चिकित्सकों ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। महिला स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम द्वारा होटल सत्या इंटरनेशनल बैढ़न के सभागार में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भावस्था के दौरान बच्चों के डाउन सिंड्रोम सॉफ्ट मार्कर की पहचान और उनके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अलकेश सोनी ने बताया कि गर्भावस्था में अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान दिखाई देने वाले सॉफ्ट मार्कर ऐसे संकेत होते हैं जो कभी-कभी भ्रूण में गुणसूत्र असामान्यताओं के जोखिम की ओर इशारा करते हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ये सामान्य भी पाए जाते हैं। डॉ. सोनी ने कहा कि ये मार्कर सामान्यत: गर्भावस्था की दूसरी तिमाही 16 से 22 सप्ताह के बीच किए जाने वाले अल्ट्रासाउंड में देखे जाते हैं। इनमें कोरॉइड प्लेक्सस सिस्ट, छोटा फीमर और इकोजेनिक इंट्राकार्डियक फोकस प्रमुख हैं। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जिले में होते रहना चाहिए, क्योंकि महिलाओं के गर्भावस्था के दौरान जिन समस्याओं से गुजरना पड़ता है, उसमें इस प्रकार के कार्यक्रम होने से जागरूकता बढ़ती हैं। सेमिनार में मुख्य अतिथि ने मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम संचालक डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. राजीव कुमार चौधरी, डॉ. हेमलता चौधरी, डॉ. प्रतिमा महेंद्र, डॉ. दिव्या कसाल, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. बालेंदु शाह सहित अन्य मौजूद रहे।

# घर के आंगन में गांजे की खेती, दो भारी भरकम पेड़ जब्त

## माड़ा पुलिस ने मूढ़ी गांव के एक आरोपी के कब्जे से साढ़े 12 किलो गांजा किया जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। माड़ा पुलिस ने मूढ़ी गांव के एक आरोपी के यहां दबिश देते हुये दो गांजा के हरे पेड़, जिसका वजह 12 किलो 400 ग्राम, बाजार में गांजे की कीमत 1 लाख रूपये को जप्त करने में सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त कारोबारी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।**



मुखबिर सूचना मिली कि संदेही रहिमान सिंह पिता अमोल सिंह गोड़ उइके निवासी ग्राम मूढी थाना माड़ा का अपने घर के पीछे आंगन खेत में गांजा के हरे पेड़ लगाया है। इस सूचना के आधार पर माड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा ने सउनि अवधेश पटेल के साथ हमराह स्टॉफ को ग्राम मूढ़ी रवाना किया। जहां पुलिस टीम के घेराबंदी को देख संदेही रहिमान सिंह पिता अमोल सिंह गोड उइके भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस स्टॉफ व गवाहानों की मदद से पकड़ा गया। तत्पश्चात पुलिस टीम ने संदेही की सहमति पर उसके घर के आंगन खेत की तलाशी दौरान आरोपी के घर के आंगन से गांजा के दो की संख्या में हरे पेड़ वजनी 12 किलो 450 ग्राम कीमती 1 लाख रूपये का बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी रहिमान सिंह उम्र 36 वर्ष के विरूद्ध धारा 8/20 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा, सउनि अवधेश पटेल, प्रआर रामसुख यादव, कृष्णदेव कुशवाहा, धीरेन्द्र पटेल, आर आबिद कुरैसी, अखिल साहू, राजकुमार सिंह, राकेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।



### 7 दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**सिंगरौली 10 नवम्बर।** नपानि आयुक्य सविता प्रधान के निर्देश एवं स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी आरपी बैस के देखरेख में व्यवसायिक क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोगकर्ताओं एवं खुले में मांस की बिक्री करने वालों पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी बीएल चतुर्वेदी के नेतृत्व में स्वच्छता टीम ने समझाइश देते हुए लापरवाही करने वालों पर स्पॉट फाइन कर मस्जिद रोड और इंद्रा चौक के दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुए 7 दुकानदारों पर 2200 रुपए का जुर्माना किया गया।

# युवाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी पार्टी एवं देश हित में : सूर्या

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। म.प्र. युवा कांग्रेस के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सिंगरौली जिले से निर्वाचित सभी युवा पदाधिकारी का सम्मान समारोह युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्यकुमार द्विवेदी सूर्या के द्वारा मंगलम पैलेस बैढ़न में आयोजित किया गया।**



सम्मान समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी विधानसभा कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं ब्लाक कार्यकारिणी की पदाधिकारी का फूलमाला के साथ सम्मान कर उनको प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर वरिष्ठ कांग्रेसियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस में निर्वाचित प्रमुख पदाधिकारी ने अपने विचार वरिष्ठों के साथ साझा किया। तत्पश्चात कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन से सभी युवा पदाधिकारी को मार्गदर्शन दिया। सभी युवा पदाधिकारी एक स्वर से कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा भाव से काम करने एवं आने वाले चुनाव में पार्टी को विजई बनाने का संकल्प लिया।

# शिविर में 51 रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

## लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड एवं साईं शैल मंगलम कॉलेज ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड एवं साईं शैल मंगलम कॉलेज सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 9, भगत सिंह कॉलोनी स्थित कॉलेज परिसर में किया गया।**




यह शिविर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर, सिंगरौली के सहयोग से संपन्न हुआ। समाज में मानवता की सेवा, सहयोग एवं जीवन रक्षा के उद्देश्य से आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रहण किया गया। रक्तदान अभियान में लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड के पदाधिकारीगण, सदस्यों के परिजन, साईं शैल मंगलम कॉलेज के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर ब्लड सेंटर टीम से टेक्निकल सुपरवाइजर हरिशंकर गुप्ता, कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश दुबे, स्टाफ नर्स शिवानी सिंह एवं टेक्नीशियन सूरज प्रकाश सेन का सराहनीय योगदान रहा।

**इन्होंने किया स्वैच्छिक रक्तदान:-**

रक्तदान कर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले प्रमुख रक्तदाताओं में गोपाल श्रीवास्तव, जुगल साहनी, संजीव कुमार, रामजी शुक्ला, धीरज सिंह, अमरेंद्र प्रताप, तन्मय अग्रहरि, सोनम वर्मा, नवीन बाल्मीकि, सहित अन्य अनेक रक्तदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

